तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025


10 जपं नगरी में भाजपा की बड़ी जीत, महेश अध्यक्ष और हृदय उपाध्यक्ष निर्वाचित



12 जातिगत समीकरण साध लिया अब सभापति बनाकर साधेंगे क्षेत्रीय ...





## खबर संक्षेप

### झरिया महार, महरा समाज का सम्मान समारोह 9 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ झरिया महार, महरा समाज द्वारा नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के स्वजातीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह 9 मार्च को मेश्राम कृषि फार्म हाउस औसर (रानीतराई) में सुबह 11 बजे रखा गया है। यह जानकारी समाज के प्रांताध्यक्ष खिलावन चोपड़िया, सचिव गजेंद्र सारधे, कोषाध्यक्ष गिरधर मेश्राम, संयोजक पवन कामड़े, महामंत्री अजीत भीमगज, संरक्षक चंद्रभान मेश्राम, रेवाराम रायपुरिया, बोधराय खरे, उपाध्यक्ष मेलाराम, यशवंत कश्यप ने दी है। उन्होंने समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से उपस्थिति की अपील की है।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बोराई थाना क्षेत्र के ग्राम रिसगांव निवासी दिनेश बघेल पिता भगवान सिंग उम्र 40 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। युवक शराब सेवन करने का आदी था जिसके कारण वह काफी कमजोर हो गया था। बीते शनिवार को युवक घर पर अकेला था। परिजन काम करने गये थे। इसी दौरान युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिये नगरी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर युवक को गंभीर हालत में उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती करया गया था। यहां इलाज के दौरान युवक की गुरूवार को मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### तलवार लहराते आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** सार्वजनिक स्थान पर तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय बनियापारा दुर्गा चौक निवासी



भावेश मंडावी पिता विष्णु उम्र 27 वर्ष रमसगरी तालाब के पास तलवार लहराकर आने-जाने वालों को डरा-धमका रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस की साइबर सेल तत्काल रमसगरी तालाब पहुंची और घेराबंदी कर भावेश मंडावी को तलवार लहराते रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहे की एक धारदार तलवार जब्त की। सिटी कोतवाली में धारा आर्म्स एक्ट 26, 27 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी भावेश मंडावी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

## कौशिल्या को 33, पूर्णिमा को 8 मत, प्रमुख चेहरे हुए दरकिनार, भाजपा के फैसले से सब चौंके

# पार्षद की पहली जीत से सीधे स्पीकर के आसन पर सवार हुईं कौशिल्या

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

गुरूवार को नगर निगम धमतरी में स्पीकर पद के चुनाव में अप्रत्याशित प्रत्याशी का नाम ऐलान कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। निगम चुनाव में भाजपा ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की है। करीब आधा दर्जन प्रमुख दावेदारों को पार्टी ने दरकिनार कर सोरिद वार्ड से पहली बार पार्षद बनीं श्रीमती कौशिल्या देवांगन को प्रत्याशी घोषित किया।

इधर कांग्रेस ने बहुमत से काफी दूर होने के बाद भी नयापारा वार्ड की पार्षद श्रीमती पूर्णिमा रजक को मैदान में उतारा। दोनों प्रत्याशी का नामांकन जमा होने के बाद महापौर के अलावा 40 पार्षदों ने वोटिंग की, जिसमें कौशिल्या देवांगन को 33 मत तथा पूर्णिमा रजक को 8 वोट प्राप्त हुए। भारी मतों से विजयी होने के बाद सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि नगर का विकास उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### स्पीकर का लिफाफा खुलते ही प्रमुख दावेदारों के चेहरे मुरझाये

सभापति चुनाव के लिए भाजपा हाईकमान ने रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू को पर्यवेक्षक बनाया था। विधायक मोतीलाल साहू ने निगम के पास भाजपा के अस्थायी कार्यालय में रामू रोहरा सहित अन्य पार्षदों की मौजूदगी में स्पीकर के नाम का लिफाफा खोला। मोतीलाल ने लिफाफा खोलने से पहले कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर फैसला लिया गया है। सभी को पार्टी के आदेश का पालन करना है।

पर्यवेक्षक ने स्पीकर पद के लिए जैसे ही कौशिल्या देवांगन का नाम लिया वैसे ही प्रमुख दावेदारों के चेहरों में हवाइयां उड़ गई। दो से तीन बार चुनकर आए पार्षदों के चेहरे उतर गए। वहीं दावेदारी से दूर रहे पार्षदों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए खूब तालियां बजाई। वहीं अपना नाम सुनकर कौशिल्या देवांगन हथप्रभ रह गईं। कौशिल्या सहित उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।





### समर्थक और प्रस्तावक बने सभापति के प्रमुख दावेदार

सभापति प्रत्याशी घोषित होने के बाद कौशल्या देवांगन के नामांकन के लिए सभापति के प्रमुख दावेदार नरेन्द्र रोहरा तथा तल्लीनपुरी गोस्वामी को समर्थन और प्रस्तावक बनाया गया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा रजक के नामांकन के लिए सुमन मेश्राम और रामेश्वरी कोसरे समर्थक एवं प्रस्तावक बनी। दोनों प्रत्याशियों का नामांकन सही पाए जाने पर दोपहर 1 से 2 बजे के बीच निगम सभाकक्ष में मतदान हुआ। सभी 40 पार्षद तथा महापौर ने वोटिंग की। भाजपा प्रत्याशी कौशल्या देवांगन ने 25 मतों से जीत हासिल की। परिणाम घोषणा के बाद रिटर्निंग आफिसर ने श्रीमती देवांगन को स्पीकर घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र सौंपा।

### पहली बार पार्षद बनीं और सभापति की मिली कुर्सी

धमतरी को सन 2014 में नगर पालिक निगम का ओहदा मिला। 2014 के चुनाव में भाजपा निगम की सत्ता पर काबिज हुई, जिसमें राजेन्द्र शर्मा को सभापति बनाया गया। सन 2019 में कांग्रेस ने निगम की सत्ता हासिल की, जिसमें अनुराग मसीह को सभापति की कुर्सी मिली। इस बार निगम में सदन के संचालन के लिए भाजपा ने पहली बार भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी के रूप में जीतकर आई श्रीमती कौशिल्या देवांगन को प्रत्याशी बनाकर भारी बहुमत से जीत दिलाई।

उल्लेखनीय है कि निगम में महापौर के अलावा 40 पार्षदों ने सभापति के लिए वोटिंग की। भाजपा के 27 पार्षद, कांग्रेस के 8 पार्षद तथा 5 पार्षद निर्दलीय चुनकर आए हैं। माना जा रहा है कि भाजपा के 27 पार्षद, निर्दलीय 5 पार्षद तथा महापौर की वोटिंग से कौशिल्या देवांगन को 33 मत प्राप्त हुए जबकि 8 कांग्रेस पार्षदों ने अपनी पार्टी के प्रत्याशी को मतदान किया है।

### निर्विरोध स्पीकर का प्रयास असफल रहा

निगम कार्यालय के सामने कांग्रेस और भाजपा ने अलग-अलग अस्थायी कार्यालय बनाए थे। दोनों खेमे में दोनों पार्टी के नेता और पार्षद मौजूद थे। महापौर रामू रोहरा की मंशा थी कि स्पीकर का चयन निर्विरोध हो जाए। वह कांग्रेस खेमा में घूमते टहलते दो बार पहुंचे। श्री रोहरा चाहते थे कि चुनाव नहीं लड़े, निर्विरोध सभापति का चयन कर सभी पार्षद मिलजुलकर शहर विकास का काम करेंगे। कांग्रेस खेमा ने चुनाव लड़ने का फैसला सुनाया। महापौर और कांग्रेसी पार्षद के बीच गपशप, हंसी मजाक भी हुआ। इस दौरान महापौर ने कांग्रेस पार्षदों को आश्वस्त किया कि सभी वार्डों का समान रूप से विकास कार्य करेंगे।

### निर्दलीय पार्षदों का भाजपा को मिला समर्थन

नगर निगम के चुनाव में पांच पार्षद निर्दलीय चुनकर आए हैं, जिसमें से तीन भाजपा तथा दो कांग्रेस के बागी थे। पर्यवेक्षक विधायक मोतीलाल साहू ने सभी निर्दलीय पार्षदों से फोन पर चर्चा कर भाजपा के स्पीकर को वोट करने तथा निगम के पास अस्थायी कार्यालय में बुलाया। निर्दलीय पार्षदों के कार्यालय पहुंचने पर महापौर ने प्रकाश सिन्हा, कुशल लोढ़ा, पूर्णिमा देवांगन, छोटू वर्मा का परिचय पर्यवेक्षक से कराया। पर्यवेक्षक ने कहा कि उनकी वापसी पार्टी के निर्णय से होगी। संगठन द्वारा निर्णय लेने के बाद घोषणा की जायेगी। चारों निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया और फोटो सेशन भी कराया।

### भारतीय जनता पार्टी ही ऐसा कर सकती है : सभापति



श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि वह सपने में भी नहीं सोची थी कि पार्षद से वह सीधे सभापति के पद पर आसीन होगी। ऐसा तो सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। उन्हें सदन संचालन का अनुभव नहीं होने के बाद भी स्पीकर पद से नवाजा गया। इसके लिए पार्टी तथा आलाकमान की सदैव आभारी हूं। पार्टी ने जिस तरह से उन पर भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। उन्होंने बताया कि वह पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में अब तक शामिल नहीं हो पाई थीं। 31 वर्षीय कौशल्या देवांगन बीए की पढ़ाई की हैं। उनका मायका वातनारा धरसींवा है। उनकी दो पुत्री हैं। उनके मायके और ससुराल की पृष्ठभूमि भाजपा से जुड़ी हुई है। इसलिए वह भी पार्टी की नीति-रीति से वाकिफ हैं।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

धमतरी जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


# जिलाबदर दो निगरानी बदमाश शहर में घूमते पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

■ पुलिस ने निकाला बदमाशों का जुलूस, कोतवाली व साइबर पुलिस की कार्रवाई

बिना अनुमति के जिले में वापस आकर शहर में घूम रहे दो निगरानी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला।

कोतवाली पुलिस को मुखबीर से जिलाबदर एवं निगरानी बदमाश हितेश नेताम पिता शंकरलाल उम्र 23 वर्ष मकेश्वर वार्ड धमतरी निवासी के बिना अनुमति के जिले में प्रवेश कर मकई चौक में घूमने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली पुलिस व साइबर टीम तत्काल मकई चौक पहुंची और घेराबंदी कर बदमाश को पकड़कर पूछताछ की। उक्त बदमाश से जिला में प्रवेश करने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। आरोपी हितेश नेताम को सिटी कोतवाली में धारा 223 बीएनएस एवं छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त आरोपी पर 16 दिसंबर 2024 को जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी।

इसी तरह निगरानी बदमाश चेतन मंडावी पिता विष्णु उम्र 23 वर्ष निवासी मकेश्वर वार्ड वर्तमान निवास दुर्गा चौक बनियापारा को 10 फरवरी 2025 को जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था। जिलाबदर की कार्रवाई के बाद भी बदमाश चेतन मंडावी को बिना



अनुमति के शहर में प्रवेश कर मकई चौक के पास घूमते पाया गया। मुखबीर की सूचना पर कोतवाली व साइबर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। बदमाश के पास जिले में प्रवेश की अनुमति संबंधित वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आरोपी चेतन मंडावी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड के लिये न्यायालय में पेश किया है। पुलिस दोनों बदमाशों का जुलूस निकाल न्यायालय ले गई।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एएसआई हेमन्त ध्रुव, प्रआ गोपी चंद्राकर, आरक्षक शशिकांत नायक, डायमण्ड यादव, चन्दर जायदार, मुकेश सिन्हा, संतोष ठाकुर, रूपेश रजक व साइबर टीम से प्रआ लोकेश नेताम, आरक्षक कमल जोशी, कृष्णा पाटिल, योगेश नाग, दीपक साहू, मुकेश मिश्रा, आनंद कटकवार, मनोज साहू, देवेन्द्र साहू एवं योगेश ध्रुव का योगदान रहा।






## जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुआ चुनाव, दोनों निर्विरोध चुने गए

# अंगीरा जनपद अध्यक्ष, केशव उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जनपद पंचायत धमतरी में अंगीरा ध्रुव को अध्यक्ष और केशव साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। भाजपा की ओर से अन्य प्रत्याशी भी इन पदों की दौड़ में थे, लेकिन पार्टी ने इन दोनों का नाम तय किया। इससे कई जनपद सदस्य नाराज भी दिखे। मान-मनौव्वल के बाद मामला शांत हो गया।



जनपद पंचायत धमतरी में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिला है। यहां 18 सदस्य भाजपा तथा 7 सदस्य कांग्रेस से हैं। तय था कि जनपद पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनेंगे, लेकिन इन पदों के लिए भाजपा में कई दावेदार थे। इन दावेदारों के बीच सहमति बनाने के लिए भाजपा पार्षदों का टूर प्रोग्राम बनाया गया था। गुरुवार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। चुनाव से पहले सभी सदस्य मध्यप्रदेश सहित कई जिलों में घूमकर आए। भ्रमण के दौरान सभी जनपद सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए एकमत करने की कोशिश की गई। गुरुवार को चुनाव के दौरान पार्टी की ओर से अंगीरा ध्रुव का नाम फाइनल किया गया। उधर जयंत्री ध्रुव को भी अध्यक्ष बनाने का आश्वासन दिया गया। आपसी चर्चा के बाद अंगीरा ध्रुव को अध्यक्ष के लिए खड़ा किया गया। उसके विरुद्ध किसी ने फार्म नहीं भरा और अंगीरा ध्रुव को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के लिए अग्रवाल साहू और केशव साहू का नाम सामने आया था। पार्टी की ओर से केशव साहू को प्राथमिकता दी गई। उसे भी निर्विरोध चुना गया। हालांकि इस दौरान कुछ नाराजगी भी सामने आई। राजनीतिक गलियारे में जपं धमतरी के भाजपा चुनाव प्रभारी उमेश साहू की रणनीति से जो फैसला सामने आया, वह चर्चा विषय बना रहा।

### क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करूंगी

जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगीरा ध्रुव ग्राम अरौद की रहने वाली हैं। एमए राजनीति शास्त्र की पढ़ाई की है। उनके पति थल सेना में तैनात हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती ध्रुव ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगी। भाजपा और क्षेत्र की जनता के साथ सभी सदस्यों के समर्थन से सदस्य बनी हूं।

चुनाव के दौरान रंजना डीपेन्द्र साहू, नेहरू निषाद, निर्मल बरड़िया, दयाराम साहू, कमल डागा, अविनाश दुबे, दिग्विजय सिंह कृदत्त, उमेश साहू, खूबलाल ध्रुव, अवनेन्द्र साहू, पिंकू साहू, कालीदास सिन्हा, मोनिका ऋषभ देवांगन, डेनिस चंद्राकर, राजू चंद्राकर, निरंजन साहू, वामन सिन्हा, शेखर साहू, मिश्री लाल पटेल, रीतिका यादव आदि मौजूद थे।

संजय आर्ट्स
IND नंबर प्लेट
हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट बुकिंग किया जाता है
एवं प्लेटो को कव्हर सहित फिटिंग किया जाता है
GJ03L K0563
CG04MF2250
सिहावा चौक, रेल्वे स्टेशन के सामने, हनुमान मंदिर के बाजू, धमतरी 9827111438, 7000909964

## खबर संक्षेप



### दादा की स्मृति में पौत्र ने किया पौधारोपण

**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी रामलाल साहू का 1 मार्च शनिवार को निधन हो गया। मृतक का अंतिम कार्यक्रम 5 मार्च को हुआ। शीतला तालाब किनारे पौत्र गजेंद्र साहू ने दादा की स्मृति में पीपल का पौधा रोपा।

### नंद नगर व्यवस्था समिति के पुनः अध्यक्ष बने

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी में नगर व्यवस्था समिति का चुनाव हुआ, जिसमें नंद यादव को पुनः अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव 3 वर्ष बाद आयोजित किया गया था, जिसमें



अध्यक्ष पद के लिए 5 दावेदार सामने आए थे। चुनाव प्रक्रिया नपं नगरी के अध्यक्ष एवं नगर व्यवस्था समिति के संरक्षक बलजीत छाबड़ा की उपस्थिति में पूरी की गई। मतदान के दौरान नगर के नागरिक भी मौजूद रहे। पांचों उम्मीदवारों के नाम को लिखकर चिट प्रणाली के माध्यम से चयन किया गया, जिसमें नंद यादव का नाम निकला। इसके बाद समिति के 5 सदस्यों ने नंद यादव के नाम की औपचारिक घोषणा की। उनके अध्यक्ष बनने पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया। अध्यक्ष बनने के बाद श्री यादव ने कहा कि समिति के सभी सदस्य मिलकर ग्राम के समस्त देवी-देवताओं से जुड़े कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करेंगे। उन्होंने नगर के विकास और धार्मिक कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

निर्दलीय जीतकर आए सदस्यों को भाजपा ने बनाया अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

# जपं नगरी में भाजपा की बड़ी जीत महेश अध्यक्ष और हृदय उपाध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जनपद पंचायत नगरी में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर पार्टी का वर्चस्व कायम रखा। मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय नगरी में हुए इस चुनाव में भाजपा समर्थित महेश गोटा अध्यक्ष और हृदय साहू उपाध्यक्ष पद पर विजयी हुए। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम प्रीति दुर्गम की मौजूदगी में चुनाव हुआ, जिसमें कुल 25 जनपद सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उत्साह, नाराजगी, नारेबाजी और हंगामे के बीच भाजपा ने अपनी जीत का परचम लहराया।

जनपद पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित महेश गोटा और कांग्रेस समर्थित मुनेंद्र ध्रुव के बीच सीधा मुकाबला हुआ। महेश गोटा को 15 और मुनेंद्र ध्रुव को 10 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी ने महेश गोटा को विजयी घोषित किया। श्री गोटा की जीत से भाजपा समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

### उपाध्यक्ष पद पर भी भाजपा का कब्जा

उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा समर्थित हृदय साहू और कांग्रेस समर्थित नंदिनी साहू के बीच मुकाबला हुआ। मतदान से ठीक पहले जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी की तबीयत खराब होने के कारण उन्होंने मतदान में भाग नहीं लिया। 24 सदस्यों द्वारा किए गए





मतदान में हृदय साहू को 14 और नंदिनी साहू को 10 मत प्राप्त हुए। भाजपा समर्थित हृदय साहू को निर्वाचित घोषित किया गया।

### राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर

इस चुनाव के परिणाम के बाद नगरी क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि भाजपा ने निर्दलीय जीतकर आए जनपद सदस्यों को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बना दिया। महेश गोटा और हृदय साहू दोनों ने जनपद पंचायत चुनाव में भाजपा से समर्थन नहीं मिलने के कारण निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज कर जनपद सदस्य बने थे। अब भाजपा ने उन्हें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाकर एक नई राजनीतिक रणनीति को दर्शाया है, जिस पर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### प्रेमलता की नाराजगी मतदान से पहले ही छोड़ दिया मतदान स्थल

भाजपा समर्थित जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी चुनावी प्रक्रिया के दौरान नाराज नजर आईं। वे अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल थीं, लेकिन पार्टी द्वारा प्रत्याशी न बनाए जाने से असंतुष्ट थीं। उपाध्यक्ष पद पर मतदान होने से पहले ही वे मतदान स्थल से बाहर चली गईं और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस को अपना इस्तीफा सौंप दिया। प्रेमलता नागवंशी की इस नाराजगी से भाजपा खेमे में हलचल मच गई।

#### भाजपा समर्थकों ने निकाला विजयी जुलूस, आतिशबाजी की



मतगणना के बाद नगरी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजयी जुलूस निकाला। ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और भाजपा कार्यकर्ताओं के नारों के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश गोटा और उपाध्यक्ष हृदय साहू ने नगर का भ्रमण कर जनता का समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मतदान स्थल पर हंगामा, जनपद सदस्य कलावती के खिलाफ नारेबाजी

मतदान केंद्र के बाहर उस समय हंगामा हो गया जब जनपद सदस्य कलावती मरकाम के खिलाफ उनके ही समर्थकों ने नारेबाजी की। सूत्रों के अनुसार समर्थकों को इस बात की नाराजगी थी कि उन्होंने बिना सलाह-मशविरा के भाजपा खेमे में जाने का फैसला कर लिया था। समर्थकों को अंदेशा था कि वे भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर देंगी, जिसके चलते विरोध किया गया।

### भाजपा-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

मतदान स्थल के बाहर भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भाजपा की ओर से पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिला पंचायत सदस्य अरुण सार्वा, अजय फत्ते लाल ध्रुव, वरिष्ठ नेता कवींद्र जैन, अकबर कश्यप और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं कांग्रेस की ओर से सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, ब्लॉक अध्यक्ष भूषण साहू, कैलाश प्रजापति सहित कई नेता और कार्यकर्ता मतदान स्थल के पास डटे रहे।

### भाजपा का दबदबा, कांग्रेस को बड़ा झटका

इस चुनाव में भाजपा ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा किया। इस जीत के साथ भाजपा ने जनपद पंचायत नगरी में अपनी मजबूत पकड़ बना ली, जबकि कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी की रणनीतिक जीत बताया और जश्न मनाया।

## टूल्लू पंप की चोरी करने वाला गिरफ्तार

▪ रूद्री पुलिस की कार्रवाई

**धमतरी।** खेत में लगे टूल्लू पंप की चोरी करने वाले को रूद्री पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का टूल्लू पंप बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम कोटाभर्री निवासी बृजलाल कुमार 5 मार्च की सुबह लिफ्ट इरिगेशन के पास स्थित अपने खेत को देखने गया था। खेत पहुंचने पर उसे मोटर पंप की चोरी हो जाने की जानकारी हुई। बृजलाल ने अपने मोटर पंप की चोरी होने की जानकारी वहीं पर नहाने गए हिन्छाराम व



राजाराम को दी। उसके बाद तीनों चोर को पकड़ने के लिए चले गए। तीनों को आते देख चोर मोटरपंप को लेकर भागने लगा। आगे जाकर चोर मोटरपंप को कहीं छिपा दिया। चोर को पहचाने पर पीड़ित बृजलाल ने रूद्री थाना पहुंचकर नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 303/2, 3/5 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना शुरु कर दी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ग्राम बेलतरा पहुंची। आरोपी दीपक नेताम को पकड़कर पूछताछ की। इस दौरान आरोपी ने खेत से टूल्लूपंप की चोरी करना स्वीकार किया। पंप को ग्राम कोटाभर्री के महानीम के नीचे झाड़ियों में छिपाकर रखना बताया। पुलिस ने झाड़ियों में छिपाकर रखे टूल्लूपंप को बरामद किया। पुलिस ने आरोपी दीपक नेताम पिता मोहनलाल उम्र 25 वर्ष ग्राम बेलतरा थाना रूद्री निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## हथबंद में भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

साहू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम हथबंद में भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन 1 से 9 मार्च तक किया गया है। कथावाचक ओमप्रकाश महाराज गढ़डोंगरी सिहावा ने प्रथम दिवस घट स्थापना, गोकर्ण महात्म्य, द्वितीय दिवस कथा प्रारंभ सुखदेव जन्म एवं परीक्षित जन्म, तृतीय दिवस सृष्टि वर्णन, कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र जड़, भरत कथा, चतुर्थ दिवस अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र, मोक्ष समुद्र मंथन एवं वमन अवतार, पंचम दिवस मत्स्य अवतार श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्णा जन्म की कथा सुनाई। षष्टम दिवस बाललीला, माखन चोरी, दही लूट एवं गोवर्धन पूजा होगी। सप्तम दिवस रामलीला, श्रीकृष्ण मथुरा गमन, कंस



वध एवं रुक्मणी विवाह होगा। अष्टम दिवस सुदामा चरित्र, 24 गुरुओं का वर्णन, परीक्षित मोक्ष भागवत चढ़ोत्तरी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। नवम दिवस गीता ज्ञान, श्री विष्णु हवन, यज्ञ तुलसीवर्षा प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा का आयोजन होगा।



## अंचल की खबरें

### सरपंच मोनिका ने निकाली आभार रैली



**नगरी।** ग्राम कोलियारी की नवनिर्वाचित सरपंच मोनिका मांडवी ने आभार रैली निकाली। रैली में सभी वार्ड पंच लता मंडावी, दुर्गाबाई नेताम, भावसिंह कोर्राम, राजेश्वरी मंडावी, छबिला गोटा, नेहरूराम कुंजाम, श्यामलाल कुंजाम, अंबिका नेताम, पूजा गोटा, लोकेश कोर्राम, पूर्व सरपंच तुलसी मंडावी, पूर्व उपसरपंच अश्वन गोटा, छेदू कोर्राम, ललेश नेताम, फूलचंद वट्टी, नवल वट्टी, जोहन वट्टी, अशोक साक्षी, रोहित कोमरे, जलसु कुंजाम, राधाबाई तुमरेटी, रोहिनी नेताम, राधाबाई नेताम समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित हुए।

### कुम्हारी में सरपंच व पंचों का हुआ शपथ ग्रहण



**अंवरी।** ग्राम पंचायत कुम्हारी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जनपद कुरूद से करारोपण अधिकारी डीएस मरकाम, नवनिर्वाचित सरपंच मंजुलता विजय साहू, सचिव प्रीति नायक, रोजगार सहायक जितेंद्र कंवर, कंप्यूटर ऑपरेटर पुरुषोत्तम बघेल, विनय बघेल और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पंचगण बलराम टंडन, अहिलमति बघेल, परमाबाई ध्रुव, माहेश्वरी बघेल, पूरनलाल सोनवानी, बुधराबाई, गणेश्वरी उर्फी मेहता, गोपेन्द्र मेहता, कविता मारकंडे ने शपथ ली। मौके पर पूर्व सरपंच मनोज टंडन, पूर्व पंच ऋतु बघेल, राधेलाल बघेल, मिलापा बघेल, भगवानदास चंदेल, भानबाई, हेमाबाई, जयलाल मेहता, दिलीप यादव, उत्तम बांधे, ललिता मेहता को विदाई दी गई।

### कोकड़ी में सरपंच और पंचों ने ली शपथ

**सिर्री।** ग्राम पंचायत कोकड़ी, ठेकवाडीह के पंचायत भवन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि नवनिर्वाचित सरपंच गोपेश्वर साहू ने 75 मतों से जीत हासिल की है। उनका हार गुलाल, पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। सभी पंचों का भी ग्रामीणों ने हार गुलाल से स्वागत किया। सरपंच



गोपेश्वर साहू सहित समस्त 12 वार्ड के पंचों ने शपथ ली कि वे पंचायत राज अधिनियम का विधिवत पालन करेंगे। गांव में स्वच्छता बनाए रखेंगे। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। गांव के चहुंमुखी विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगे। मौके पर पंचायत सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सहकारी कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नहीं : नरेंद्र



**पुरी।** सहकारी समिति के प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने कहा कि छग में धान की खरीदी से किसान खुशहाल हैं और समिति को भी लाभ मिल रहा है। परंतु जिस-जिस समिति में धान का उठाव नहीं हुआ है वहां भारी भरकम आर्थिक क्षति हो रही है। इस सत्र के बजट में वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 500 नई सहकारी समितियां खोलने की घोषणा की है। अब किसानों को और अधिक सुविधा मिलेगी। लंबी दूरी तय करके समितियों में जाने की आवश्यकता नहीं है। अब बड़ी समितियां छोटी हो जाएंगी। किसानों को सुविधा मिलेगी परंतु कर्मचारियों को जो सुविधा मिल रही है वह कम हो जाएगी। मप्र सरकार की भांति छग के सभी समितियों को 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान देने की मांग की गई थी और आशा थी कि इस बजट में पास होगा, परंतु सहकारी कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है।

### न्योता भोज में छात्रों को मिला समोसा, जलेबी

**डांडेसरा (धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम डांडेसरा में शिक्षिका बीना गजेंद्र द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के छात्र



छात्राओं को समोसा, जलेबी एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठिका उर्वशी चंद्राकर, शिक्षक शहनाज बानो, अनीता साहू, कल्पना रामटेके, स्कूल सफाई कर्मचारी टिकेश्वर साहू, रसोइया सरिता साहू, सहायिका राधाबाई जोशी उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
सूर्या किराया भंडार एवं केटरिंग
शुद्ध आहार शाकाहार
ऑफिस : पुराना बस स्टैण्ड, धमतरी
धमतरी
निगम सामुदायिक भवन
राखेचा भवन
भवन सुविधा उपलब्ध
94063-16777
73890-66777
शांतिपुर पुरूर
सूर्या मैरिज ग्राउण्ड
राजवीर वाटिका
शादी, सगाई, बर्थडे एवं अन्य समारोह हेतु डेकोरेशन फ्लावर, लाईट, भवन, भोजन सभी सुविधा उपलब्ध है
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मा.अंबिका मरकाम
विधायक सिहावा
मा.लक्ष्मी ध्रुव
पूर्वविधायक सिहावा
मा.तारिणी चंद्राकर
चुनाव प्रभारी नपं मगरलोड
मा.डीहुराम साहू
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड
मा.नीतु साहू
पूर्व अध्यक्ष नपं मगरलोड
नगर पंचायत मगरलोड
शपथ ग्रहण समारोह
में पधारे समस्त अतिथियों का
स्वागत.. वंदन.. अभिनंदन
7 मार्च 2025 शुक्रवार, दोपहर 11 बजे, नगर पंचायत प्रांगण मगरलोड
श्रीमती लिलेश साहू
अध्यक्ष
नगर पंचायत मगरलोड
सुरेश साहू
प्रथम अध्यक्ष
एवं पार्षद वार्ड क्र. 12 न. पं. मगरलोड
नगर पंचायत के सम्मानीय पार्षद गण
दशोदा साहू
पार्षद वार्ड क्र. 01
विदम चौहान
पार्षद वार्ड क्र. 02
यादराम गायकवाड़
पार्षद वार्ड क्र. 03
तुलसी राजू राव
पार्षद वार्ड क्र. 04
घनश्याम साहू
पार्षद वार्ड क्र. 05
अशोक साहू
पार्षद वार्ड क्र. 06
तोमेश्वरी साहू
पार्षद वार्ड क्र. 07
ईश्वरचंद साहू
पार्षद वार्ड क्र. 08
खिलावन साहू
पार्षद वार्ड क्र. 09
जितेश्वरी साहू
पार्षद वार्ड क्र. 10
चेतन विंझेकर
पार्षद वार्ड क्र. 11
रुखमणी तोरण सिन्हा
पार्षद वार्ड क्र. 13
बिराजो साहू
पार्षद वार्ड क्र. 14
हिरवानी ठाकुर
पार्षद वार्ड क्र. 15
विनीत : मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत मगरलोड, जिला-धमतरी (छ.ग.)


जगदीश रामू रोहरा के मार्गदर्शन
उमेश साहू व हेमंत चंद्राकर के सफल नेतृत्व में
जनपद पंचायत धमतरी
के श्रीमती अंगिरा ध्रुव को अध्यक्ष
एवं श्री केशव साहू को उपाध्यक्ष
बनाए जाने पर
ढेर सारी शुभकामनाएं
श्रीमती अंगिरा ध्रुव
अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी
श्री केशव साहू
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी
जगदीश रामू रोहरा
प्रदेश महामंत्री भाजपा
महापौर ननि धमतरी
प्रकाश बैस
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
उमेश साहू
चुनाव प्रभारी
जनपद पंचायत धमतरी
हेमंत चंद्राकर
पूर्व अध्यक्ष गंगरेल मंडल
धर्मराज सिन्हा
अरौद (लीलर)
विनीत : अरौद (ली) शक्ति केंद्र के समस्त कार्यकर्तागण जिला-धमतरी (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### विंध्यवासिनी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**धमतरी।** जनपद पंचायत के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद सभी भाजपा समर्थित सदस्य विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे।

### अटंग में सत्संग समारोह का समापन आज





**सिर्री।** ग्राम अटंग के साईं मंदिर के समीप साहू भवन में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 से 7 मार्च तक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य प्रवचनकर्ता रंजीत साहेब हैं। उन्होंने बताया कि सत्कर्म और सदाचार से जीवन में सुख शांति का अनुभव किया जा सकता है। सहयोगी प्रवक्ता समेंद्र साहेब और अनिल साहेब हैं। इसके अलावा अन्य संत, साध्वी भी आए हैं। प्रवचन सुनने सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम की आरती में श्रोतागणों की भीड़ लग रही है। अंतिम दिवस पर आज 7 मार्च को प्रवचन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक होगा। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### अध्यक्ष सहित 15 पार्षद कल लेंगे शपथ



**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का 8 मार्च शनिवार को दोपहर 2 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के साथ वार्ड क्र. 1 की पार्षद परदेशी कंवर, वार्ड क्र. 2 भूपेंद्र यादव,वार्ड क्र.3 भानुप्रताप गायकवाड, वार्ड क्र. 4 छबि निर्मलकर, वार्ड क्र.5 अविनाश बिट्टू गौर, वार्ड क्र. 6 चांदनी साहू, वार्ड क्र.7 झम्मन साहू, वार्ड क्र. 8 मेघनाथ साहू, वार्ड क्र. 9 अंजु दीनानाथ साहू, वार्ड क्र.10 खेमलता साहू, वार्ड क्र. 11 हितेंद्र साहू, वार्ड क्र. 12 विष्णु साहू, वार्ड क्र.13 डुमेंद्र गंगबेल, वार्ड क्र. 14 भूपेश्वरी चंदेल और वार्ड क्र.15 के पार्षद गौतमी पटेल शपथ लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर होंगें। अध्यक्षता नेहरू निषाद अध्यक्ष छग राज्य पिछड़ा आयोग करेंगे। विशेष अतिथि लोकेश्वर सिन्हा, बिझवार राम साहू, गिरिराज सोन, बंशी पटेल, पुष्पलता देवांगन, आनंद यदु, भीम साहू, रवि सिन्हा होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी जुटे हैं।

### 20वें कलेक्टर के तौर पर अबिनाश ने किया पदभार ग्रहण

- 2018 बैच के आईएएस हैं श्री मिश्रा, दंतेवाड़ा-रायपुर में दे चुके हैं सेवा



**धमतरी।** जिले के 20वें कलेक्टर के तौर पर 2018 बैच के आईएएस अबिनाश मिश्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि अबिनाश मिश्रा मूलतः उड़ीसा के बरगढ़ से हैं। 2 जुलाई 1992 को जन्मे श्री मिश्रा के माता-पिता दोनों शिक्षक हैं। उन्होंने आईआईटी खड़गपुर से मैकेनिकल में बीटेक किया, उसके बाद दिल्ली तैयारी के लिए चले गए और अपने चौथे प्रयास में यूपीएससी क्रैक किया। ऑल इंडिया रैंक में उन्होंने 65वां स्थान प्राप्त किया। उनकी पहली जॉइनिंग 27 अगस्त 2018 को आईएएस के रूप में छत्तीसगढ़ में हुई। श्री मिश्रा दंतेवाड़ा में एसडीएम, रायपुर में जिला पंचायत सीईओ और नगर निगम रायपुर में आयुक्त के पद पर रहे। उन्हें धमतरी जिले का कलेक्टर बनाया गया है। ज्ञात हो कि निवर्तमान कलेक्टर नम्रता गांधी को प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली भेजा गया है।

**शासकीय योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता**

नवनियुक्त कलेक्टर श्री मिश्रा ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उपस्थित राजस्व अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने संक्षिप्त बैठक में सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं को आमजनों तक सफलतापूर्वक पहुंचाने को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने अपने कार्यकाल में जिले में बेसिक एडमिनिस्ट्रेशन को बेहतर करते हुए शासकीय योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन पर जोर दिया। कलेक्टर ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों को नियत समय पर कार्यालयों में उपस्थित रहकर शासकीय काम करने के सख्त निर्देश भी पहली ही बैठक में दिए।

### महापौर रामू से मिले विकल-कमल



**नगरी।** जिला पंचायत धमतरी के चुनाव प्रभारी विकल गुप्ता और जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के चुनाव प्रभारी कमल डागा ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। महापौर बनने पर उन्हें बधाई दी और जिला पंचायत चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विकल गुप्ता और कमल डागा ने कहा कि रामू रोहरा के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन ने जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पार्टी के प्रत्याशियों को सही दिशा दी, जिससे भाजपा को जिला पंचायत में बड़ी सफलता मिली। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। सभी ने महापौर की संगठनात्मक क्षमता और उनके जनहितकारी दृष्टिकोण की सराहना की।

---

**सटीक साबित हुआ हरिभूमि का आंकलन : जपं कुरुद की गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष एवं सतीश जैन उपाध्यक्ष चुने गए**

# जातिगत समीकरण साध लिया, अब सभापति बनाकर साधेंगे क्षेत्रीय समीकरण







जैन उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पहली बार जनपद सदस्य बनी गीतेश्वरी साहू को जनपद अध्यक्ष बनाकर भाजपा ने बहुसंख्यक आबादी साहू समाज को साधने का काम किया है। साथ ही सामान्य वर्ग के अनुभवी नेता सतीश जैन को उपाध्यक्ष बनाकर जता दिया कि पार्टी हर वर्ग का ख्याल रखती है। हरिभूमि ने एक दिन पहले ही इन्ही नामों में मुहर लगने की संभावना व्यक्त कर जो आकलन प्रस्तुत किया था, वह सटीक साबित हुआ है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद 6 मार्च को सुबह 11 बजे जनपद पंचायत के सभाहाल में जनपद पंचायत कुरूद में पीठासीन अधिकारी व एसडीएम नभसिंह कोसले एवं सहायक तहसीलदार दुर्गा साहू ने निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन हुआ। दोनों पद के लिए पक्ष, विपक्ष के सदस्यों ने नामांकन भरा जिसके बाद चुनाव कराया गया। मतदान पश्चात हुई गणना में जनपद क्षेत्र क्रमांक 1 से निर्वाचित होकर आई भाजपा की गीतेश्वरी साहू को 22 मत एवं क्षेत्र क्र.19 सिर्री कांग्रेस की लिली श्रीवास को 3 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान पश्चात मतगणना में क्षेत्र क्रमांक 2 पचपेड़ी से भाजपा के सतीश जैन को 22 एवं क्षेत्र क्रमांक 10 मंदरौद से कांग्रेस की कंचन नारद साहू को 3 मत प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम में गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष एवं सतीश जैन उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

### अध्यक्ष-उपाध्यक्ष दोनों ने 22-22 मत पाकर जीत दर्ज की

25 सदस्य वाली जनपद में भाजपा के खाते में 22 व कांग्रेस के पास मात्र 3 ही निर्वाचित सदस्य थे। जिसके कारण यह तय था कि अध्यक्ष-उपाध्यक्ष भाजपा से ही बनेगा। बावजूद अल्पमत में होने के बाद भी कांग्रेस ने उक्त पद के लिए नामनिर्देशन पत्र जमाकर राजनीतिक सरगर्मियां पैदा कर दी। जिसके चलते भाजपा एवं कांग्रेस दोनों दल के नेताओं का जनपद परिसर जमावड़ा देखने को मिला। उधर पीठासीन अधिकारी द्वारा चुनाव की पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से सम्पादित कराई गई। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों ही पद के लिए नामांकन फार्म जमा कराया गया। निर्धारित समय में समीक्षा व नाम वापसी की औपचारिकता पश्चात मतदान हुआ। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनने के बाद पीठासीन अधिकारी ने मतगणना कर जीत का प्रमाण-पत्र दिया। अध्यक्ष पद के लिए गीतेश्वरी साहू एवं उपाध्यक्ष पद के लिए सतीश जैन 22-22 मत पाकर विजयी हुए। इस तरह पांच साल तक कांग्रेस के कब्जे में रही कुरूद जनपद पंचायत में भाजपा ने अपनी शानदार वापसी करते हुए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है।

### जातिगत समीकरण साधा, वहीं अनुभवी को भी मौका दिया

हमने हरिभूमि के 6 मार्च के अंक में कुरुद जनपद पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर जो आकलन प्रस्तुत किया था, वह बिल्कुल सटीक साबित हुआ। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व जनपद अध्यक्ष सिंधु बैस व पहली बार चुनकर आई गीतेश्वरी साहू की राजनीतिक पृष्ठभूमि को लेकर जो बात कही थी। उसके अनुसार कुरुद जनपद से इस बार भी बीजेपी ने जातिगत समीकरण साधते हुए साहू बाहुल्य समाज की गीतेश्वरी साहू के नाम पर मुहर लगाई गई। उपाध्यक्ष पद के लिए तीसरी बार जनपद सदस्य निर्वाचित हुए सतीश जैन जिन्हें आरक्षण के कारण 10 साल में केवल एक बार ही चुनाव लड़ने का मौका मिलता है, के नाम पर पार्टी में वरिष्ठता एवं अनुभव के आधार पर मुहर लगाई गई। जातिगत समीकरण बिठाने व अनुभवी को प्राथमिकता देने के चलते इन दोनों पद के चयन में शीर्ष नेतृत्व ने क्षेत्रीय संतुलन का ध्यान नहीं रखा। किसी भी एक पद मिलने की उम्मीद में रहे सिर्री व कुरुद मंडल के सदस्यों को अब सभापति बनाकर संतुलित किया जा सकता है।

निर्वाचन के दौरान गीतेश्वरी हेमन्त साहू, सतीश जैन, रेखा शेषनारायण साहू, डिकेश्वरी हेमंत देवांगन, बनिता प्रमोद सिन्हा, सिंधु अजय बैस, एवन साहू, रूमान सिंह कुर्रे, कुलेश्वरी दिनेश्वर साहू, कंचन नारदलाल साहू, महेश उदय राम ध्रुव, शकुंतला रूपचंद देवांगन, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, मनीषा त्रिलोचन साहू, उर्वशी जितेन्द्र बंदेकर, हिमांशु साहू, आनंद यदु, लिली श्रीवास, अनुराग साहू, चंद्रशेखर (चंचल) साहू, ललिता रमेश भतपहरी, त्रित्रलेखा परीक्षित ध्रुव, गंगा टकेश साहू, ठाकुरराम साहू शामिल हुए। इसके साथ ही भाजपा से पर्यवेक्षक के रूप में राजेंद्र शर्मा, मालकराम साहू ,श्याम साहू, भानु चन्द्राकर, कृष्णकान्त साहू, पंकज सिन्हा, लोकेश्वर सिन्हा, टिकेश साहू, अधिवक्ता प्रदीप यादव, भीमदेव साहू, झागेश्वर ध्रुव, रवि सिन्हा, कामता साहू, लोकेश साहू, छत्रपाल बैस तथा कांग्रेस से जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष राजू साहू, पार्षद मनीष साहू, प्रमोद सिन्हा के अलावा सीईओ रोहित बोर्झा, पुलिस प्रशासन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

---

## जपं मगरलोड के अध्यक्ष बीरेंद्र, उपाध्यक्ष खिलेश बने

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष बीरेंद्र व उपाध्यक्ष खिलेश चुने गए। ज्ञात हो कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए नपद पंचायत के सभाकक्ष में 6 मार्च को पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रामकुमार कृपाल, तहसीलदार मनोज भारद्वाज, सीईओ दिव्या ठाकुर,पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज द्वारा शासन के दिशा-निर्देशानुसार चुनाव की प्रकिया प्रारंभ की गई। जनपद सदस्य की संख्या 23 है। भाजपा से 16, कांग्रेस के 7 जनपद सदस्य चुनकर आए हैं। जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद की नियुक्ति के लिए आपसी सहमति नहीं बनने पर पीठासीन अधिकारी द्वारा चुनाव कराया गया।

- जनपद पंचायत में भाजपा का हुआ कब्जा, कार्यकर्ताओं में उत्साह

जनपद अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से बेलौदी निवासी, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष व पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू को प्रत्याशी बनाया गया । वहीं कांग्रेस से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विनीत बाफना ने नामांकन फॉर्म भरा। चुनाव में बीरेंद्र साहू को 16 मत तथा विनीत बाफना को 7 मत मिले। पीठासीन अधिकारी द्वारा बीरेंद्र साहू को 9 मत से विजयी कर अध्यक्ष घोषित किया गया। इसी प्रकार जनपद उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा से युवा मोर्चा अध्यक्ष खिलेश साहू करेली छोटी निवासी का प्रत्याशी बनाया गया। वहीं कांग्रेस से दुर्गेश नंदनी साहू ने नामांकन फॉर्म भरा जिसमें खिलेश साहू को 16 मत तथा दुर्गेश नंदनी साहू को 7 मत मिले। खिलेश साहू 9 मत से जीत दर्ज कर उपाध्यक्ष घोषित किए गए। मतदान होते तक जनपद कार्यालय के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिला। नवनियुक्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने जनपद पंचायत के समीप स्थित बजरंग बली मंदिर शनिदेव मंदिर एवं भोलेनाथ मंदिर जाकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर प्रभारी नागेंद्र शुक्ला, टीकाराम कंवर, भूपेंद्र चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू, नरेश सिन्हा, मोहन साहू, विजय यदु, डेमू साहू, होरीलाल साहू, कल्याण राजपूत, यवन साहू, रामायण सिन्हा, बीआर नाग, डागेश्वर सोनकर, हृदय साहू, राजेश साहू, चंदू निषाद, प्रीतराम, प्रवीण साहू, लेखन साहू, केवल साहू, रंजीत, जीवराखन, धर्मेन्द्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छुट्टी मसले पर हुआ विवाद तो ओपीडी पर्ची में नाम के आगे प्रिंट करा दिया फर्जी डॉक्टर

- मोबाइल मेडिकल यूनिट के डाक्टर ने की स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छुट्टी लेने के मामले में विवाद हुआ तो मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात मेडिकल ऑफिसर के नाम के आगे ओपीडी पर्ची में फर्जी डाक्टर प्रिंट करवा दिया।




धमतरी में एमएमयू के एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर पर दुर्भावनावश डाक्टर को बदनाम करने ऐसी करतूत करने का आरोप लगाया गया है। धमतरी की मोबाइल मेडिकल यूनिट 3 में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डा. वैभव सिन्हा ने इस मामले में एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर अनुराग साहू के साथ साफ्टवेयर प्रबंधन कमेटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है।

डाक्टर ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन से भी मदद की गुहार लगाई गई है। डा. सिन्हा ने अपनी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को एमएमयू में आने वाले मरीजों की दी जाने वाली ओपीडी पर्ची में उनके नाम के आगे फर्जी डाक्टर प्रिंट किया गया था।

डा. सिन्हा ने बताया कि एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर ने यह करतूत उसे बदनाम करने के लिए की है। पिछले दिनों छुट्टी को लेकर एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर से विवाद हुआ था। संभवतः इसी दुर्भावनावश एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा इस तरह की हरकत की जा रही है।

डाक्टर ने बताया कि विवाद के दौरान एरिया मैनेजर ने उस पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाकर निष्कासित किए जाने का मैसेज एमएमयू ग्रुप में चलाया था जबकि इस बारे में अब तक उससे नगर निगम द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं मांगा गया है।

## ट्रिपल इंजन की सरकार से करेंगे नगरी क्षेत्र का संपूर्ण विकास

**नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने जीत को पार्टी नेतृत्व, कार्यकर्ताओं और जनता की निष्ठा का परिणाम बताया**



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष पद पर महेश गोटा और उपाध्यक्ष पद पर हृदय साहू निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए महेश गोटा ने कहा कि यह जीत भाजपा की संगठनात्मक शक्ति, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगरी क्षेत्र में ट्रिपल इंजन सरकार की ताकत से समग्र विकास को गति दी जाएगी। मीडिया से बातचीत में महेश गोटा ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें यह दायित्व सौंपा है, उसे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। भाजपा सरकार की योजनाओं को हर गांव और हर जरूरतमंद तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी। उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और संगठन की निष्ठा से ही यह विजय संभव हुई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम भाजपा की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए नगरी क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां छुएंगे। हर पंचायत तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

महेश गोटा और हृदय साहू ने जोर देते हुए कहा कि नगरी क्षेत्र को केंद्र, राज्य और जनपद पंचायत तीनों स्तर पर भाजपा की सरकार होने का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में समर्पित भाव से काम करेंगे। ट्रिपल इंजन सरकार के चलते नगरी में हर क्षेत्र का संतुलित और तेज विकास होगा।

## निर्दलीय को जनपद अध्यक्ष बनाए जाने से नाराज प्रेमलता ने पार्टी से दिया इस्तीफा

- वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी पर उठाए सवाल, नौसीखियों के दबाव में फैसला लेने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जनपद पंचायत नगरी में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव के बाद भाजपा समर्थित जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी ने अपनी नाराजगी जताते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रेस वार्ता में खुलकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और पार्टी नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जनपद पंचायत में बहुमत होने के बावजूद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाया गया जिन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था।

प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि वह पिछले 20-25 वर्षों से भाजपा की सेवा कर रही हैं और इस चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में जनपद क्षेत्र क्रमांक 19 सिहावा से जनपद सदस्य निर्वाचित हुई हैं, लेकिन पार्टी के कुछ पदाधिकारियों ने नगरी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से सलाह-मशविरा किए बिना निर्णय लिया और नौसीखियों के दबाव में आकर भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों को दरकिनार कर दिया। इससे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है। प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी और जनसेवा करने वाली पार्टी है, लेकिन सिहावा-नगरी क्षेत्र में पार्टी के अंदर कुछ नौसीखिए लोग दबाव और रौब की राजनीति कर रहे हैं, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की कार्यशैली से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं की वर्षों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

इस घटनाक्रम पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा कि प्रेमलता नागवंशी भाजपा की निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और उनकी नाराजगी जल्द ही दूर हो जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी अपने सभी निर्णय वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श के बाद ही ले रही है और किसी भी प्रकार का कोई दबाव नहीं है।
















